प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 18.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

.........................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज शाहपुरा दौरे पर रहेंगे। श्री शर्मा का शाहपुरा में विभिन्न विकास कार्यो के लोकार्पण का कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री शाहपुरा में महाराणा प्रताप स्मारक, श्यामाप्रसाद मुखर्जी स्मारक का अनावरण और कन्या महाविद्यालय के नये भवन का उद्‌घाटन करेंगे। वे शाहपुरा के पीएसबी कॉलेज मैदान में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इससे पहले श्री शर्मा ने आज पाली जिले के मुंडारा गांव का दौरा किया। शाहपुरा के बाद मुख्यमंत्री का भीलवाडा के सहाडा और पुष्कर जाने का भी कार्यक्रम है।

.........................

राज्य के वर्ष 2025–26 बजट के लिए लोगों से सुझाव आमंत्रित किए गए है। ये सुझाव 10 जनवरी तक वित्त विभाग को ऑनलाईन दिये जा सकते है। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने लोगों से विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा करने के लिए बजट सुझाव देने की बात कही है।

.........................

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने आज राज भवन में विद्यार्थियों के एक प्रतिनिधि मंडल से संवाद किया। ये दल छत्रपति संभाजी नगर से आया है। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को राजस्थान के गौरव और संस्कृति की जानकारी दी। साथ ही "**एक भारत श्रेष्ठ भारत**" की संकल्पना के लिए काम करने का आह्‌वान किया।

.........................

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी अगले साल से केवल शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित करेगी। एनटीए भर्ती परीक्षाएं नहीं करेगी। नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में उन्हों्ने कहा कि त्रुटिमुक्त परीक्षा संचालित करने और जवाबदेही तय करने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

.........................

कोटा में पर्यटन को बढाने के लिए **कोटा महोत्सव** आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए कई तैयारियां की जा रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि आज से उपखंड स्तर पर उत्सव का आयोजन हो रहा है।

......

जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय की ओर से कृषि पर्यटन को लेकर तैयारियां की जा रही है। एग्रो टूरिज्म से जिले में पर्यटन को बढावा मिलेगा। वहीं किसानों को भी फायदा पंहुचेगा।

.........................

जयपुर स्थापना दिवस समारोह के तहत आयोजित हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में आज अल्बर्ट हॉल पर म्यूजिकल नाईट रखी गई है। नगर निगम ग्रेटर की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि इसका आयोजन **एक शाम जयपुर के नाम** थीम पर किया गया है। उधर जवाहर कला केन्द्र में भी कल से दो दिन के **मधुरम** समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान गायन वादन और नृत्य की प्रस्तुतियां होंगी। वहीं राष्ट्रीय नाट्‌य विद्यालय एनएसडी की हीरक जयंती के मौके पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में नाटकों का मंचन किया जा रहा है। इसके तहत कल **बंद गली का आखिरी मकान** नाटक का मंचन किया गया।

.........................

कनिष्ठ लेखाकार और तहसील राजस्व लेखाकार संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा के अंतिम चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से पिछले साल हुई इस परीक्षा में कनिष्ठ लेखाकार में 4 हजार 749 और तहसील राजस्व लेखाकार में कुल 179 अभ्यर्थियों का अंतिम से रूप चयन किया गया है।

.........................

प्रदेश में शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए पशुपालन और डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने पशुपालकों से पशुओं का विशेष ध्यान रखने की अपील की है। उन्होंने पशुओं को खुले में नहीं बांधने और मोटा अनाज सरसों की खल और गुड़ खिलाने की सलाह दी है।

.........................